इण्टरमीडिएट परीक्षा : 2021-22

प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

कक्षा-12
विषय – नागरिक शास्त्र

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

नोट: प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश:

1- प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

2- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3- प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

4- प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।

5- प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।

6- प्रश्न संख्या 27 से 30 तक के प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक लगभग 100-125 शब्दों में देना है।

7- प्रश्न संख्या 31 से 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

8- सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

खण्ड-'क'
(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश: निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये।

1- कौन-सा देश धुरी राष्ट्रों का सदस्य देश नहीं था? 1

(क) जर्मनी (ख) इटली

(ग) ब्रिटेन (घ) जापान

https://www.upboardonline.com

2- हिरोशिमा और नागासाकी किस देश में स्थित हैं? 1

(क) ग्रेट ब्रिटेन	(ख) संयुक्त राज्य अमेरिका
(ग) इटली	(घ) जापान

3- बर्लिन की दीवार कब खड़ी की गई? 1

(क) 1960 ई०	(ख) 1961 ई०
(ग) 1962 ई०	(घ) 1963 ई०

4- शॉक थेरेपी का क्या अर्थ है? 1

(क) आघात पहुँचाकर उपचार करना	(ख) उपचार करके आघात पहुँचाना
(ग) निजीकरण को बढ़ावा देना	(घ) निजीकरण का विरोध करना

5- 'बैंकाक घोषणा पत्र' द्वारा किस संस्था का गठन किया गया? 1

(क) यूरोपीय आर्थिक समुदाय	(ख) संयुक्त राष्ट्र संघ
(ग) राष्ट्र संघ	(घ) आसियान

6- गाँधी जी की हत्या किस स्थान पर की गई थी? 1

(क) साबरमती	(ख) चम्पारन
(ग) दिल्ली	(घ) अहमदाबाद

7- 'आपरेशन फ्लड' किस क्षेत्र से सम्बन्धित था? 1

(क) डेयरी उद्योग	(ख) मत्स्य उद्योग
(ग) खाद्यान्न उत्पादन	(घ) मुर्गीपालन

8- 'बॉम्बे प्लान' का क्या उद्देश्य था? 1

(क) भारत का राजनैतिक विकास करना	(ख) भारत का सांस्कृतिक विकास करना
(ग) भारत का आर्थिक विकास करना	(घ) भारत का सर्वांगीण विकास करना

9- 1975 ई० में 'आपातकालीन घोषणा' के समय भारत का प्रधानमंत्री कौन था? 1

(क) जय प्रकाश नारायण	(ख) इन्दिरा गांधी
(ग) लाल बहादुर शास्त्री	(घ) मोरार जी देसाई

10- 'चिपको आन्दोलन' का सम्बन्ध किस राज्य से था? 1

(क) हिमांचल प्रदेश	(ख) अरूणांचल प्रदेश
(ग) जम्मू कश्मीर	(घ) उत्तराखण्ड

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11- 'सोवियत संघ' का विघटन कब हुआ? 2

12- 'आसियान' के दो सदस्य देशों का नाम लिखिए। 1+1

https://www.upboardonline.com

13- 1962 में भारत का सीमा-विवाद को लेकर किस देश से युद्ध हुआ था? 2

14- 'पृथ्वी सम्मेलन' किस समस्या को लेकर आयोजित किया गया था? 2

15- 'साझी सम्पदा' का क्या अर्थ है? 2

16- 'नक्सलवादी' आन्दोलन किस राज्य से प्रारम्भ हुआ? 2

17- गोवा संघीय राज्य क्यों बनाया गया? 2

18- सिक्किम विधान सभा का प्रथम चुनाव कब सम्पन्न हुआ? 2

19- धर्म निरपेक्ष शब्द का क्या अर्थ है? 2

20- मध्यावधि चुनाव किसे कहते हैं? 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न-1)

21- संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण कब किया गया? इसकी किन्हीं दो विशिष्ट संस्थाओं के नाम लिखिए तथा उनके कार्यों का उल्लेख कीजिए। 1+2+2

22- भारत के नागरिक के रूप में भारत की राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता क्यों होनी चाहिए? इसके पक्ष में दो तर्क दीजिए। 2½+2½

23- आसियान का निर्माण क्यों किया गया? क्या यह अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल है? इसके पक्ष में अपने विचार स्पष्ट कीजिए। 1+2+2

24- दूसरी पंचवर्षीय योजना के मध्य औद्योगिक बनाम कृषि विकास के विवाद के कारणों का उल्लेख कीजिए। https://www.upboardonline.com 2½+2½

25- 1975 ई० में आपातकाल लागू होने से हमें क्या सीख मिलती है? स्पष्ट कीजिए। 5

26- 1947 ई० में स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की किन्हीं दो क्षेत्रीय आकांक्षाओं का कारण सहित उल्लेख कीजिए। 2½+2½

(लघु उत्तरीय प्रश्न-2)

27- भारत और चीन की उभरती अर्थव्यवस्थाओं में वर्तमान की एक-ध्रुवीय व्यवस्था को चुनौती देने की क्षमता है। वर्तमान परिस्थितियों की दृष्टि से क्या आप इससे सहमत है? अपने मत की पुष्टि में तर्क भी दीजिए। 3+3

28- वैश्विक पर्यावरण के सुरक्षा से जुड़े मुद्दे 1990 के दशक से विभिन्न देशों के लिए प्राथमिक सरोकार क्यों बन गये? किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। 1½+1½+1½+1½

29- हरित क्रान्ति क्या थी? इसके दो सकारात्मक तथा दो नकारात्मक परिणामों का उल्लेख कीजिए। 2+1+1+1+1

30- अयोध्या विवाद क्या था? इसका समाधान कैसे हुआ? 3+3

https://www.upboardonline.com

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

31- शीतयुद्ध क्या है? दो-ध्रुवीय विश्व का आशय स्पष्ट करते हुए शीतयुद्ध के दायरों का उल्लेख कीजिए। 2+2+4

अथवा

दो-ध्रुवीय विश्व का क्या अर्थ है? इसके विघटन के चार कारणों का उल्लेख कीजिए। 2+1½+1½+1½+1½

32- निम्नलिखित देशों के साथ भारत के वैदेशिक सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए। 4+4

1- भारत-पाकिस्तान

2- भारत-चीन

अथवा

गुटनिरपेक्षता की नीति का क्या अर्थ है? वर्तमान परिस्थितियों में भी यह भारत के लिए प्रासंगिक है। इसके पक्ष में अपना मत स्पष्ट करिये। 2+3+3

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से